कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-B+ | AISHE CODE- C-21763

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 02/03/2023

# प्रेस विज्ञप्ति

## पी.जी.महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 का आयोजन

महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे एवं रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.ए.के.सिंह के निर्देशन में रसायनशास्त्र विभाग व्दारा दिनांक 28 फरवरी 2023 को महाविद्यालय के नवीन भवन स्थित सेमीनार हॉल में दोपहर 12:00 बजे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.ए.के.सिंह ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे उपस्थित थी। मुख्य अतिथि के रूप में विभागाध्यक्ष प्रो.एन.एस.देहारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया। सरस्वती वंदना के लिए एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मोनिका साहू को आमंत्रित किया गया जिन्होंने तबला वाद्यों के साथ बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी साथ में छत्तीसगढ़ राज्य गीत का गायन किया गया। रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.ए.के.सिंह ने अपने उद्बोधन में डॉ.सी.व्ही.रमन के जन्म एवं शिक्षा के बारे में प्रकाश डाला और बताया 1788 में जन्में डॉ.सी.व्ही.रमन ने 28 फरवरी 1928 में रमन प्रभाव की खोज की थी जिनके लिए उन्हें 1930 में नोबल प्राईज से सम्मानित किया गया तथा भारत सरकार व्दारा 1986 में 28 को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गई। प्रो.पी.सी.चौधरी ने छात्र–छात्राओं को विज्ञान एवं तकनीकी से जुड़े रहने का आव्हान किया तथा एन.एस.देहारी ने विज्ञान दिवस को वनस्पति विज्ञान से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया ,अमित साहू ने विज्ञान दिवस के महत्व ,सार्वभौमिकता एवं विज्ञान दिवस मनाये जाने के महत्वपूर्ण कारणों पर प्रकाश डाला एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 की थीम वाक्य Globle Science For Globle Well Being (वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान) का समुचित अर्थ बताया एवं कहा कि कोविड 19 से जोड़ने के लिए वैज्ञानिकों की वैश्विक भूमिका थी।

कार्यक्रम के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ,रंगोली प्रतियोगिता ,पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता ,क्वीज प्रतियोगिता एवं मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रथम, व्दितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं विद्यार्थियों के समुह को पुरूस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो.अकांक्षा मरका, प्रो.अकांक्षा कश्यप, प्रो.गोंविद साहू ,प्रो.किशोर चेलक एवं ममता बांधे का विशेष योगदान रहा।

प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय
जिला–धमतरी (छ.ग.)






